आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
सोमवार 07.09.2026
समय 0720

**मुख्य समाचार :—**

- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने पारंपरिक आभूषणों को 'लोकल टू ग्लोबल' पहचान दिलाने पर जोर दिया।
- कैबिनेट मंत्री सतपाल महाराज ने श्रमिकों को जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ समयबद्ध तरीके से उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।
- टिहरी गढ़वाल के बूढ़ा केदार क्षेत्र में भेड़ परिक्रमा महोत्सव 'भेरू कु तमासु' का समापन। कैबिनेट मंत्री भरत सिंह चौधरी ने कहा— बूढ़ा केदार क्षेत्र में हेलीपैड निर्माण के लिए सरकार प्रतिबद्ध।
- मौसम विभाग ने आज छह जिलों में भारी बारिश का येलो अलर्ट जारी किया। पिथौरागढ़, नैनीताल, अल्मोड़ा और चंपावत में स्कूलों और आंगनबाड़ी केंद्रों में अवकाश घोषित।

**'लोकल टू ग्लोबल'**

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रदेश के पारंपरिक आभूषणों को 'लोकल टू ग्लोबल' पहचान दिलाने पर जोर दिया है।

देहरादून में आयोजित एग्जीबिशन के अवलोकन के दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि गढ़वाली नथ, पौंजी, चंपकली हार, कुमाऊंनी गुलोबंद और झुमके जैसे पारंपरिक आभूषणों को आधुनिक जरूरतों के अनुरूप विकसित कर 'लोकल टू ग्लोबल' के लक्ष्य को हासिल किया जा सकता है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि 'वोकल फॉर लोकल', 'मेक इन इंडिया' और 'स्टार्टअप इंडिया' जैसी पहलों से देश के कारीगरों को नए अवसर मिल रहे हैं।

उन्होंने कहा कि 'विकसित भारत—2047' के लक्ष्य के अनुरूप भारत को वैश्विक ज्वैलरी मैन्युफैक्चरिंग और डिजाइनिंग का प्रमुख केंद्र बनाने के प्रयास किए जा रहे हैं।

**श्रमिक**

कैबिनेट मंत्री सतपाल महाराज ने कहा है कि श्रमिक प्रदेश और देश के विकास की मजबूत कड़ी हैं। सरकार का उद्देश्य है कि श्रमिकों को उनके अधिकारों और कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पारदर्शिता और समयबद्ध तरीके से मिले।

श्री महाराज ने पौड़ी जिले के एकेश्वर विकासखंड में आयोजित श्रमिक पंजीकरण और नवीनीकरण शिविर में जनसमस्याएं सुनीं। उन्होंने समस्याओं के निस्तारण के लिए विभागीय अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि श्रमिकों का पंजीकरण और नवीनीकरण महत्वपूर्ण है। इससे पंजीकृत श्रमिकों को सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं और सुविधाओं का लाभ लेने में सहायता मिलती है।

**विधिक सेवा और जागरूकता शिविर**

देहरादून स्थित जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने सेलाकुई में बहुउद्देशीय विधिक सेवा एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया।

शिविर में उत्तराखंड हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति मनोज कुमार गुप्ता ने उपस्थित लोगों को नशा मुक्ति की शपथ दिलाई।

मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि नई पीढ़ी नशे में बर्बाद न हो, हमें अपने युवाओं को ड्रग से बचाना है। अभिभावकों को बच्चों पर ध्यान देना होगा ताकि युवा नशे की चपेट में न आएं। उन्होंने शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गये स्टॉलों का निरीक्षण भी किया। इस शिविर में 2000 से अधिक लोग लाभान्वित हुए। मुख्य न्यायाधीश ने 4 विद्यालयों को कंप्यूटर, यूपीएस, प्रिंटर और 5 विद्यालयों को आरओ वाटर प्यूरीफायर प्रदान किए। 10वीं और 12वीं के मेधावी छात्रों को टैबलेट प्रदान किए गए। शिविर में जरूरतमंदों को स्कूल बैग, स्टेशनरी, ट्रैक सूट, कंबल, मेडिकल किट, महालक्ष्मी किट, बेबी किट और दिव्यांगजनों को व्हीलचेयर, बैसाखी, वॉकर तथा श्रवण यंत्र वितरित किए गए। स्वच्छता में सहयोग करने वाले 12 पर्यावरण मित्रों को मुख्य न्यायाधीश द्वारा सम्मानित किया गया।

'भेरू कु तमासु'

टिहरी गढ़वाल के बूढ़ा केदार क्षेत्र में आयोजित प्रसिद्ध भेड़ परिक्रमा महोत्सव 'भेरू कु तमासु' का कल समापन हो गया। इस दौरान हिमालयी पशुपालक जीवन, धार्मिक आस्था और सदियों पुरानी लोक परंपराओं का अनूठा संगम देखने को मिला।

समापन समारोह में कैबिनेट मंत्री भरत सिंह चौधरी ने कहा कि ऐसे आयोजन उत्तराखंड की लोक संस्कृति और धार्मिक आस्था की विशिष्ट पहचान हैं। इस दौरान उन्होंने बूढ़ा केदार क्षेत्र में हेलीपैड निर्माण का मुद्दा मुख्यमंत्री के समक्ष रखने की बात कही।

गौरतलब है कि गर्मियों में पशुपालक अपने भेड़–बकरियों को ऊंचाई वाले बुग्यालों और हिमालयी क्षेत्रों में चराने के लिए ले जाते हैं। बरसात के बाद सितंबर में पशुधन को वापस गांवों में लाया जाता है। इसी पारंपरिक पशुपालक जीवन–चक्र से जुड़ी मान्यताओं के तहत बौल्यसौंड में भेड़ परिक्रमा महोत्सव आयोजित किया जाता है।

**स्वास्थ्य महानिदेशक**

स्वास्थ्य महानिदेशक डॉ. सुनीता टम्टा ने अधिकारियों को कार्यप्रणाली में आवश्यक सुधार, पारदर्शिता और समयबद्ध कार्य–निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

देहरादून में आयोजित बैठक में उन्होंने कहा कि कार्यालय में प्राप्त किसी भी पत्रावली या प्रकरण को अनावश्यक रूप से लंबित न रखा जाए। प्रत्येक प्रकरण का निर्धारित समय–सीमा में निस्तारण सुनिश्चित किया जाए।

उन्होंने कहा कि कार्यों में अनावश्यक विलंब या लापरवाही किसी भी स्तर पर स्वीकार्य नहीं होगी। साथ ही, विलंब के कारणों के लिए स्पष्ट उत्तरदायित्व निर्धारित किया जाएगा।

**कॉन्क्लेव का आयोजन**

भारतीय प्रबंधन संस्थान–आईआईएम काशीपुर में प्रमुख सेक्टर कॉन्क्लेव 'नवयुग 2026–रीइन्वेंटिंग बीएफएसआई' का आयोजन किया गया।

कॉन्क्लेव में ऑटोमेशन और तकनीकी बदलावों के दौर में नेतृत्व क्षमता, मानव संसाधन रणनीतियों और संगठनात्मक संस्कृति में बदलाव पर चर्चा हुई।

विशेषज्ञों ने कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस विश्लेषणात्मक कार्यों को तेजी से पूरा कर सकता है। लेकिन व्यक्तिगत विश्लेषण क्षमता, विवेक, आलोचनात्मक सोच और मानवीय नियंत्रण अंतिम निर्णयों के लिए महत्वपूर्ण बने रहेंगे।

कॉन्क्लेव में बैंकिंग, वित्तीय सेवाओं और बीमा क्षेत्र के वरिष्ठ अधिकारियों, जोखिम रणनीतिकारों, मानव संसाधन प्रमुखों और प्रबंधन विशेषज्ञों ने भाग लिया।

अंतरराष्ट्रीय साइबर गिरोह

हल्द्वानी में पुलिस ने साइबर अपराध के खिलाफ कार्रवाई करते हुए एक अंतरराष्ट्रीय साइबर गिरोह के आठ सदस्यों को गिरफ्तार किया है।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मंजूनाथ टीसी ने बताया कि आरोपी अमेरिकी डॉलर खरीदकर उन्हें क्रिप्टोकरेंसी में बदलने का काम करते थे। कमीशन का लालच देकर लोगों को गिरोह के जाल में फंसाया जाता था।

पुलिस के अनुसार, गिरोह की गतिविधियों से देश की अर्थव्यवस्था को नुकसान पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा था।

पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से एक लाख 18 हजार रुपये नकद, 11 मोबाइल फोन, लैपटॉप, पासबुक और 24 एटीएम, डेबिट व क्रेडिट कार्ड सहित अन्य सामान बरामद किया है।

गिरफ्तार आरोपी मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड के रहने वाले हैं। मामले में पुलिस की जांच जारी है।

**मौसम**

मौसम विभाग ने आज नैनीताल, बागेश्वर, चंपावत, ऊधमसिंह नगर, पौड़ी और चमोली जिलों में कहीं–कहीं भारी बारिश का येलो अलर्ट जारी किया है।

विभाग के अनुसार, 12 सितंबर तक प्रदेश में हल्की से मध्यम बारिश का दौर जारी रहने की संभावना है। मौसम विभाग की चेतावनी को देखते हुए सरकार ने लोगों से नदी–नालों से दूर रहने और संवेदनशील स्थानों पर जाने से बचने की अपील की है।

राज्य आपातकालीन परिचालन केंद्र के अनुसार, पर्वतीय जिलों में बारिश और भूस्खलन के कारण अवरुद्ध सड़कों को खोलने का कार्य जारी है।

मौसम की स्थिति को देखते हुए पिथौरागढ़, नैनीताल, अल्मोड़ा और चंपावत जिलों में सभी स्कूलों और आंगनबाड़ी केंद्रों में आज एक दिवसीय अवकाश घोषित किया गया है।

**और अब एक नजर आज के समाचार पत्रों की सुर्खियों पर**

दिल्ली में पांच मंजिला हॉस्टल ढहने के समाचार को सभी समाचार पत्रों ने अपनी सुर्खी बनाया है। इस समाचार पर हिन्दुस्तान का शीर्षक है–पांच मंजिला पीजी ढहा, पांच मरे।

दैनिक जागरण का शीर्षक है–मध्य प्रदेश में जहरीली शराब से 18 की मौत।

अमर उजाला ने केदारनाथ पैदल मार्ग पर पत्थर की चपेट में आने से महिला तीर्थयात्री की मौत के समाचार को पहले पेज पर प्रकाशित किया है। इस समाचार पर हिन्दुस्तान का शीर्षक है–केदारनाथ मार्ग पर गिरे पत्थर, सैकड़ों यात्री फंसे।

2029 तक ड्रग्स फ्री होगा भारत– इस खबर पर नवोदय टाइम्स ने केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के हवाले से लिखा है– समूचे नेटवर्क को ध्वस्त करने को अपनाई एक राष्ट्रव्यापी नीति।